No.of Printed Pages/Questions: 2/4

O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Periodic Test II - (Round- II) 2024-2025

Class : V **MM: 20**

Subject: Hindi **Time: 1Hrs.**

Name: _____ Roll No.:_____

सामान्य निर्देश :–

(1) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

प्र01 गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प छाँटकर लिखिए– **(1x4= 4)**

गर्मी में सूर्य की किरणें अधिक तेज होती हैं तो उसकी गर्मी से समुद्र का पानी भाप बनकर ऊपर उठता है, भाप के बादल बन जाते हैं , ऊपर के ठंडे वातावरण से भाप पानी में बदल जाती है, और बरस जाती है। कई बार अधिक ठंड़े होकर ये वाष्पकण बर्फ में भी बदल जाते हैं, इसी से ओलो की वर्षा होती है। भाप के बादल हवा के सहारे उड़ते चले जाते हैं। उत्तर में हिमालय की ऊँची चोटियों से टकराकर ये बादल सारे देश में वर्षा करते हैं। पानी बरसने से गर्मी तो कम हो जाती है, धरती भी जैसे जाग जाती है।

क समुद्र का पानी किस कारण भाप बनकर ऊपर उठता है ?

अ सूर्य की अधिक गर्मी से ब अधिक वर्षा से

स अधिक ठंड से द इनमें से कोई नहीं

ख अधिक ठंड़े होकर ये वाष्पकण किसमें बदल जाते हैं ?

अ पानी में ब बर्फ में

स बूँदों में द उर्पयुक्त सभी में

ग बादल किससे टकराकर सारे देश में वर्षा करते है ?

अ आपस में ब हिमालय की चोटियों से

स बिजली से द हवा से

घ पानी बरसने से धरती में क्या परिर्वन होता है?

अ धरती जाग उठती है ब धरती असहाय हो जाती है

स धरती दब जाती है द इनमें से कोई नहीं

प्र02 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए– **(1X4= 4)**

क 'कवि' पुल्लिंग शब्द का उचित स्त्रीलिंग पृथक कीजिए–

अ कविता ब कवीयत्री
स कवयित्री द इनमें से कोई नहीं

ख सदैव एकवचन में प्रयोग किए जाने वाले शब्द पृथक कीजिए–

अ बाल ब समाचार
स आँसू द दूध

ग पिता जी ने सब <u>के लिए</u> आइसकीम लाए है। (रेखांकित में कारक का भेद है)

अ कर्ता ब अपादान
स करण द संप्रदान

घ कमरे <u>में</u> तस्वीर लगी हुई है। (रेखांकित में कारक का भेद है)

अ अधिकरण ब करण
स कर्म द अपादान

प्र03 दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

क फसलों से जुड़े किन्हीं चार त्योहारों के नाम लिखिए। **2**

ख मकर संक्राति किस मौसम में मनाई जाती है ? इस दिन लोग क्या करते है ? **2**

ग अलग– अलग जनजातियों के लोग मकर –संक्राति का पर्व कैसे मनाते है ? **3**

प्र04 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए। **(5X1= 5)**

क) जब मैं विज्ञान मेलें मे गई

ख) पेड़–पौधे

ग) मेरा पुस्तकालय

****